महत्वपूर्ण एवं खास

आम फल बहार की नीलामी 6 अप्रैल को

रायगढ़। शासकीय उद्यान रोपणी बाघाडोला पुसौर के आम फल बहार वर्ष 2023-24 हेतु नीलामी की प्रक्रिया 6 अप्रैल 2023 को दोपहर 2 बजे से शासकीय उद्यान रोपणी बाघाडोला पुसौर में किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए उद्यान अधीक्षक शासकीय उद्यान रोपणी बाघाडोला, पुसौर जिला-रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

43 कृषि सेवा केन्द्रों के संचालकों को एक वर्षीय डिप्लोमा प्रमाण पत्र किया गया वितरित

रायगढ़। इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर, अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, रायगढ़ में वर्ष 2021-22 में अध्ययनरत एक वर्षीय डिप्लोमा में 43 कृषि सेवा केन्द्रों के संचालकों को कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में जिले के उपसंचालक कृषि अनिल कुमार वर्मा, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. अजीत कुमार सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बीरबल सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.के.के.पैंकरा के नेतृत्व में सभी वैज्ञानिकों में डॉ.मनीषा चौधरी,डॉ.के.डी महंत, डॉ.सविता आदित्य, डॉ.सोलंकी, डॉ.नानक बंजारा, डॉ पटेल, इंजीनियर आशुतोष, डॉ.मनोज साहू एवं अन्य स्टॉफ के सहयोग में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन वैज्ञानिक डॉ.के.डी.महंत ने किया।

ग्राम पंचायत सचिव केशव पटेल निलंबित

रायगढ़। जिला पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने ग्राम पंचायत सचिव केशव पटेल को 15 वे वित्त की राशि का दुरूपयोग करने के संबंध में दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में उन्हें कार्यालय जनपद पंचायत घरघोड़ा में अटैच किया गया है। जिला पंचायत रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुडूमकेला, जनपद पंचायत घरघोड़ा के ग्राम पंचायत सचिव केशव पटेल द्वारा 15 वें वित्त आयोग की राशि का दुरूपयोग करना, कतिपय कार्यों में मूल्यांकन से अधिक भुगतान करना, बिना मूल्यांकन सत्यापन के नियम विरूद्ध भुगतान करना एवं बिना बिल व्हाउचर के भुगतान किए जाने के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। जिस संबंध में उन्हें कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक नहीं पाया गया।

रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निशुल्क 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

रायगढ़। रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत रोजगार/स्वरोजगार की संभावनाओं के आधार पर हितग्राहियों को लघु अवधि का प्रशिक्षण प्रदान कर आजीविका से जोडऩे हेतु शेयर मार्केट कोर्स में नि:शुल्क 15 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। हितग्राही की न्यूनतम एवं अधिकतम शैक्षणिक योग्यता/आयु की बाध्यता नहीं है, उक्त कोर्स में प्रशिक्षण हेतु पेन कार्ड एवं बैंक खाता होना आवश्यक है। प्रशिक्षण पूर्णत: नि:शुल्क होगी। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में, उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ के मोबाईल नं 9752658995 से संपर्क कर सकते हैं।

बेरोजगारी भत्ता और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शासन की प्राथमिकता, सजगता से हो सभी कार्य- कलेक्टर सिन्हा

- गोधन न्याय योजना में लापरवाही, घरघोड़ा और रायगढ़ के आरएईओ को शो कॉस नोटिस
- आयुष्मान कार्ड निर्माण की गति धीमी, कलेक्टर ने कहा प्रगति नहीं आयी तो होगी कार्यवाही
- जल जीवन मिशन के कार्य समय-सीमा व गुणवत्ता के साथ करने कलेक्टर ने दिए निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़। बेरोजगारी भत्ता और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शासन की प्राथमिकता का कार्य है। इसे पूरी गंभीरता से पूर्ण करना है। इसके लिए सभी ट्रेनिंग पूरी कर ली जाए। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ते में आवेदकों के पंजीयन और सत्यापन के लिए पृथक दलों का गठन कर ट्रेनिंग पूरी करने के निर्देश कलेक्टर सिन्हा ने दिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से स्वीकृत भवनों के निर्माण पर चर्चा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ईई आरईएस को निर्देशित किया कि जिन भवनों के मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हुई है उनके टेंडर जल्द लगाए। निर्माण कार्यों को अगले सत्र से पहले पूरा किया जाना है। उन्होंने इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्माण एजेंसी के साथ जरूरी समन्वय करने के लिए कहा। कलेक्टर सिन्हा ने अस्पतालों में चल रहे हमर लैब व ब्लड बैंक निर्माण पर चर्चा की तथा अन्य निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि काम पूरी गति से होने चाहिए, कहीं भी रूकावट या दिक्कत आये तो तत्काल अवगत कराये, जिससे उसे दूर करते हुए निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके।

कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। पीएचई के अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें कि कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो तथा काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं चलेगा। कलेक्टर सिन्हा ने महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गंभीर व मध्यम कुपोषित बच्चों की नियमित ट्रेकिंग करें तथा सारी जानकारी संधारित रखें। कलेक्टर सिन्हा ने राजस्व विभाग के मामलों की भी समीक्षा इस दौरान की। उन्होंने समय-सीमा से बाहर के प्रकरणों पर एक-एक कर जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि प्रकरण समय-सीमा पर निराकृत हो यह अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने स्वास्थ्य अमले को लगाएं फील्ड में - कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा की। कुछ विकासखंडों में प्रगति बेहद धीमे पाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। जिला नोडल को हिदायत देते हुए कहा कि अगली समीक्षा में काम में तेजी नहीं आने पर कार्यवाही होगी। कलेक्टर सिन्हा ने एसडीएम को स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम और मैदानी अमले को सक्रिय कर कार्य की मॉनिटरिंग करने के लिए कहा।

सक्रिय गोबर विक्रेताओं की संख्या बढ़ाये- कलेक्टर सिन्हा ने बैठक में गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही और गोबर खरीदी की एन्ट्री नहीं करने को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी और घरघोड़ा तथा रायगढ़ विकासखण्ड के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन की प्राथमिक जिम्मेदारी कृषि विभाग की है। अत: विभाग के अधिकारी फील्ड में योजना के सुचारू रूप से संचालन की नियमित मॉनिटरिंग करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी गौठानों में सक्रिय गोबर विक्रेताओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश उप संचालक पशुपालन विभाग को दिए। इसके साथ ही उन्होंने नियमित गोबर खरीदी तथा कम्पोस्ट निर्माण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु रायगढ़ जिला राज्य में हुआ सम्मानित

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में तंबाकू नियंत्रण की नीतियों और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राजधानी रायपुर के सिविल लाईन में स्थित नवीन विश्राम भवन में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय के नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य तंबाकू नियंत्रण इकाई छत्तीसगढ़ और ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ संयुक्त तत्वाधान में तंबाकू नियंत्रण से संबंधित नीतियों व कार्यक्रमों को भविष्य में और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने के लिये कार्यशाला में विस्तृत विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला में तंबाकू नियंत्रण से जुड़े अधिकारियों को कोटपा 2003 और कोटपा छत्तीसगढ़ (संशोधन) एक्ट 2012 एवं ई-सिगरेट प्रतिबंध एक्ट 2019 के अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

उक्त कार्यशाला के दौरान राज्य में जिला रायगढ़ तंबाकू नियंत्रण ईकाई एवं जिला स्वास्थ्य समिति रायगढ़ को उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन हेतु स्मृति चिन्ह से पुरूस्कृत कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन में जिला नोडल अधिकारी डॉ.टी.जी.कुलवेदी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, डीपीएचएन प्रभारी कार्यक्रम सलाहकार सुश्री सीमा बरेठ, औषधी निरीक्षक विजय कुमार राठौर, सुश्री सविता रानी साय, संतोषी राज, समस्त विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक तथा पुलिस एवं नगर निगम विभाग का विशेष रूप से योगदान रहा।

केलो बांध में पानी भरा, लेकिन गांवों तक पहुंचने नहर ही पूरी नहीं

- सर्वाधिक 75 फीसदी भरा है केलो डेम, नहरों का काम पूरा हो तो गांवों तक पहुंचेगा पानी
- नहरों का काम 80 प्रतिशत पूरा, शेष काम पूरा करने जुटा है सिंचाई विभाग

रायगढ़। केलो बांध का निर्माण इस उद्देश्य से किया गया था कि बारिश के प्राकृतिक जल को यहां स्टोर किया जा सके और आवश्यकतानुसार नहरों के माध्यम से गांवों तक पहुंचाया जा सके। केलो बांध में आज जिले के दूसरे बांधों के मुकाबले सर्वाधिक 75 फीसदी पानी भरा है किंतु नहरों का काम पूरा नहीं हो पाने के कारण बहुत से गांवों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सिंचाई विभाग से मिले आंकड़ों के आधार पर जिले के बांधों को देखे तो केडार बांध में 54.47 प्रतिशत, पुटका में 52.35 प्रतिशत और सारंगढ़ के किंकारी में 25.80 प्रतिशत और केलो बांध में 75.29 प्रतिशत पानी भरा हुआ है। इस लिहाज से अभी जिले में सबसे अधिक पानी केलो बांध में ही भंडारित है।

ईई केलो परियोजना पी.आर. फुलेकर ने बताया कि केलो बांध की जल भंडारण क्षमता 61.95 मिलियन क्यूबिक मीटर है। वर्तमान में केलो में 46.64 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी है। उन्होंने बताया कि केलो परियोजना में नहरों का काम 80 फीसदी हो चुका है। लेकिन 20 प्रतिशत नहरों का काम शेष होने के कारण कई गांवों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इनमें कई छोटे-छोटे पैच के काम शेष है। परियोजना में अब युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है जिससे नहर निर्माण का कार्य जल्द पूरा हो और लाभान्वित होने वाले गांवों तक पानी पहुंचे।

गौरतलब है कि परियोजना में कुल 313 किमी लंबाई के नहर बनाने है। जिसमें से 248 कि.मी. लंबाई की नहरें बनाई जा चुकी हैं। इसमें 1 मुख्य नहर के साथ 1 शाखा नहर, 7 वितरक नहर और 91 लघु नहरों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मुख्य नहर के 28.31 किमी और झारमुड़ा के 16.11 किमी शाखा नहर का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं 68.60 किमी वितरक नहर और 135.50 किमी लघु नहरों का काम पूरा हो चुका है। शेष कार्य भी पूरा किया जा रहा है। परियोजना को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस परियोजना के पूरे होने से 175 गांवों के 22 हजार 810 हेक्टेयर को सिंचाई सुविधा मिलेगी। जिसमें रायगढ़ जिले के 167 गांवों की 21 हजार 596 हेक्टेयर और सक्ती जिले के 8 गांवों की 1 हजार 214 हेक्टेयर जमीन शामिल है। केलो वृहत परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहर, शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है।

श्रीराम शोभायात्रा : पुलिस अधिकारियों और आयोजन समिति के सदस्यों ने शोभायात्रा रूट का बाइक पेट्रोलिंग कर किया निरीक्षण

रायगढ़। 30 मार्च रामनवमी को आयोजित भव्य श्रीराम शोभायात्रा को लेकर प्रशासन व पुलिस के अधिकारीगण तथा आयोजन समिति के सदस्यगण शोभायात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अधिकारीगण हर व्यवस्था को पुन: जांचा परखा जा रहा है। इसी क्रम में आज शाम एडिशनल एसपी संजय महादेवा, ट्रैफिक डीएसपी सुशांतो बनर्जी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे तथा आयोजन समिति के राकेश पांडे, प्रवीण द्विवेदी व अन्य सदस्यगण के साथ मिलकर शोभायात्रा रूट का बाइक पेट्रोलिंग कर पुनः निरीक्षण किया गया। पूर्व में अधिकारियों व आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा निरीक्षण दौरान रूट में पड़ने वाले प्रतिष्ठान संचालक व मकान स्वामी को यातायात व्यवस्था के अनुरूप जो निर्देश दिये गये थे, उन्हें चेक किया गया। जहां यातायात बाधित की संभावना थी उन्हें कल तक व्यवस्थित दुरूस्त करने कहा गया जिससे शोभायात्रा में यातायात को लेकर किसी प्रकार का रुकावट, व्यवधान ना हो। इस दौरान अधिकारियों ने पुलिस बल के लगाये जाने वाले फिक्स पाइंट को भी चिन्हांकित किया गया।

शोभायात्रा रूट चार्ट :- नटवर स्कूल प्रांगण से प्रारंभ होकर गांधी प्रतिमा तिराहा, एमजी रोड, रामनिवास टाकिज चैक, सिल्वर पैलेश तिराहा, गौरीशंकर मंदिर, न्यू मार्केट तिराहा, सुभाष चौंक, गद्दी चौंक, कोष्टापारा तिराहा, चांदनी चौंक, गांजा चौंक, हटरी चौंक, सिटी कोतवाली, हण्डी चौंक, घड़ी चौंक एवं रामलीला मैदान समाप्त।

डायवर्सन पाइंट:- 1 केवड़ाबाड़ी चैक, 2 शहीद चौंक, 3 गोगाराईस मिल, 4 सत्तीगुढ़ी चैक।

चार पहिया वाहन पूर्णत: प्रतिबंधित:- 1 गांधी प्रतिमा, 2 गोगाराईस मिल, 3 हण्डी चौंक, 4 सारंगढ़ चौंक (अग्रसेन चौंक), 5 झाराशिल्प

चार पहिया एवं दो पहिया आवागमन मार्ग :-

1. किरोड़ीमल चैक की ओर से आने वाली यातायात शोभायात्रा प्रारंभ होने के 02 घंटे पूर्व केवड़ाबाड़ी चौंक से मधुबनपारा मार्ग से सर्किट हाउस एवं मरीन ड्राइव का उपयोग कर नया शनिमंदिर, मिंज तिराहा होकर गंतव्य को जा सकते है। इसी प्रकार

2. जूटमिल की ओर से आने वाली यातायात मिंज तिराहा से नया शनिमंदिर से मरीन ड्राइव होते हुए, सर्किट हाउस, रामपुर तिराहा से मधुबनपारा होते हुए केवड़ाबाड़ी से अपने गंतव्य की ओर जा सकते है।

विशेष अपील :- शोभायात्रा रूट पर निवासरत मकान स्वामी तथा प्रतिष्ठान संचालक शोभायात्रा के दिन अपने निजी एवं ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल- इतवारी बाजार या गांधी गंज में चार पहिया/दुपहिया वाहन खड़ी करावें। इसी प्रकार शोभायात्रा देखने आने वाले आमजन भी अपने वाहनों को पार्किंग स्थल पर पार्क करें।

महापौर जानकी काटजू ने मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रायगढ़। महापौर जानकी काटजू ने महिला बाल विकास कार्यालय से मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ के माध्यम से महिलाओं के अधिकार, महिलाओं पर होने वाले अपराधों एवं विधिक सहायता की जानकारी एलईडी एवं साउंड के माध्यम से जिले के विभिन्न परियोजना में दी जा रही है। जिससे महिलाएं अपने अधिकारों एवं विधिक सहायता के प्रति जागरूक हो सके। मुख्यमंत्री महतारी न्याय रथ जिले के रायगढ़, पुसौर, खरसिया, धरमजयगढ़, लैलूंगा, मुकड़ेगा, घरघोड़ा एवं तमनार परियोजना में 5 अप्रैल तक भ्रमण करेगी। इस अवसर पर डीपीओ टी.के.जाटवार, पार्षद रंजना कमल पटेल एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आदिवासी एवं शिक्षा विभाग में चल रहे अधोसंरचना निर्माण कार्य में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान -कलेक्टर

- 6 माह से अनुपस्थित शिक्षकों पर होगी कार्यवाही
- अभिभावक की आत्मा उनकी बच्चियों में बसती है, उनकी देखभाल, सुविधा एवं सुरक्षा देना हमारी जिम्मेदारी
- ब्लॉक के बच्चों को भी मिलेगा फिजिक्स वाला की ऑनलाइन कोचिंग
- आदिवासी विकास विभाग की आगामी कार्ययोजना की मॉनिटरिंग करेगी डिप्टी कलेक्टर
- कलेक्टर सिन्हा ने ली आदिवासी विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त बैठक

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान एवं आदिवासी विकास विभाग की बैठक ली। कलेक्टर सिन्हा ने आदिवासी विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने जिले के छात्रावासों में प्रवेशरत बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन छात्रावासों में बच्चे कम है उन्हें अन्य छात्रावासों में शिफ्ट कर छात्रावासों की उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों को सभी छात्रावासों, आश्रमों के निरीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि अभिभावक की आत्मा उनकी बच्चियों में बसती है, उनकी देखभाल, सुविधा एवं सुरक्षा देना हमारी जिम्मेदारी है और इसमें कहीं भी कोताही नहीं होनी चाहिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे।

कलेक्टर सिन्हा ने जिले में निर्माणाधीन आदर्श छात्रावास के उन्नयन संबंधित जानकारी लेते हुए कहा कि कहीं छात्रावासों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना मंडल संयोजक की जिम्मेदारी है, छात्रावास की गुणवत्ता में समझौता होने पर संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी, इसमें किसी को बख्शा नहीं जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि आदिवासी विकास अंतर्गत आने वाले मद का सही उपयोग होना चाहिए एवं आदिवासी बच्चों को इनका लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिष्यवृत्ति की राशि में बढ़ोत्तरी की गई है अत: छात्रावासों में बच्चों के भोजन में पोषक आहार को शामिल किया जाए। इस दौरान उन्होंने वन अधिकार पत्र की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र में प्रगति बेहतर है जबकि व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र में निरस्त की संख्या अधिक है। इस दौरान उन्होंने लंबित भुगतान, देव गुड़ी, अंतर जाति विवाह, नर्सिंग प्रशिक्षण, शिल्प ट्रेनिंग, क्रेडा द्वारा सोलर पैनल प्लांट स्थापना, हेल्थ, सीसीटीवी कैमरा, आवश्यक शूज स्वेटर वितरण, खादी ग्राम परियोजना जैसे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि विभागीय योजनाओं का संबंधित वर्गों को प्राथमिकता के साथ लाभ प्रदान किया जाए। कलेक्टर सिन्हा ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग की आगामी कार्ययोजना की मॉनिटरिंग डिप्टी कलेक्टर सुश्री अक्षा गुप्ता को करने के निर्देश दिए है।

बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के योजनाओं एवं कार्य प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने 6 माह से अनुपस्थित शिक्षकों पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया कि शिक्षकों को शो कॉज नोटिस दिया गया है, जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने शीघ्र विधिवत कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने जिले में एकल शिक्षक एवं शिक्षक विहीन शालाओं की जानकारी ली। डीईओ ने बताया कि वर्तमान में कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय नहीं है। कलेक्टर सिन्हा ने शिक्षा विभाग से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जिले भर के स्कूलों की मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि स्कूलों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बीईओ को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग पूरी स्कूलों की स्वीकृति हो चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पोर्टल खुल चुका है, जिन स्कूलों की एंट्री नहीं हुई है, वे अतिरिक्त कक्ष एवं नवीन भवन की मांग एंट्री करें। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है, जिससे जिले के स्कूल सुसज्जित एवं बेहतर हो सकेंगे। जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल पाएगा।

कलेक्टर सिन्हा ने आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सहमति से शिक्षकों की भर्ती की जाए। कलेक्टर सिन्हा ने शिक्षा विभाग से पाठ्य पुस्तक, गणवेश की समीक्षा की। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि पाठ्यपुस्तक प्राप्त हो चुका है। इस दौरान उन्होंने मध्यान्ह भोजन एवं छात्रवृत्ति की जानकारी दी, जिसमें बताया गया कि कुछ छात्रों की छात्रवृत्ति गलत खाता नंबर होने के कारण प्रदाय नही किया गया है। जिस पर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि खाता नंबर सुनिश्चित कर उन्हें छात्रवृत्ति की राशि प्रदान की जाए। कलेक्टर सिन्हा ने बालवाड़ी को आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ईजीएल प्रशिक्षण, महतारी दुलार, यूथ सेंटर की समीक्षा की। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि ईजीएल का प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है इसी प्रकार महतारी दुलार योजना अंतर्गत दिए जाने वाली राशि प्रदान की जा चुकी है। कलेक्टर सिन्हा ने घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पुसौर, तमनार के यूथ सेंटर बच्चों की वर्तमान संख्या की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि परीक्षा के कारण विद्यार्थियों की संख्या कम है जो परीक्षा पश्चात बढ़ जाएगी। कलेक्टर सिन्हा ने सभी बीईओ को नए शिक्षण सत्र में शिक्षकों को समय पर स्कूल आने, तय कालखंड में क्लास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने सभी बीईओ को निर्देशित किया कि ब्लॉक स्तर पर 30 से 50 बच्चों को नीट, जेईई की तैयारी एवं इंग्लिश स्पोकन क्लास की प्रेक्टिस कराई जाए। उन्होंने कहा कि बीईओ, नीट, जेईई प्रशिक्षण के लिए प्रस्ताव बना कर भेजे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480